'मेट्रो 3' पर 95 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से टेस्ट ड्राइव

यशोभूमि डेस्क

मुंबई। कोलाबा से सिप्ज मेट्रो-3 रूट की शुरूआत की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ)

'आरडीएसओ' द्वारा निरीक्षण पूरा

मेट्रो 3 लाइन

- कुल स्टेशन -27
- पहले चरण में 10 स्टेशनों तक होगी यात्रा
- पहला चरण आरे से बीकेसी तक
- मेट्रो लाइन का खर्च- 37 हजार करोड़ रुपए

ने आरे से बीकेसी मार्ग के पहले चरण में मेट्रो ट्रेनों का निरीक्षण पूरा कर लिया है। इसलिए आगे के निरीक्षण के लिए मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) की टीम को बुलाया जाएगा। इस मौके पर मेट्रो-3 रूट पर 95 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रेन चलाई गई। मेट्रो-3 रूट को आरे से बीकेसी रूट पहले चरण में मुंबईकरों की सेवा में पेश किया जा रहा है।

अगस्त में दौड़ सकती है भूमिगत मेट्रो

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने सिग्नलिंग सिस्टम के साथ इलेक्ट्रिक सिस्टम और मेट्रो ट्रेनों का परीक्षण शुरू कर दिया है। अंतिम निरीक्षण के लिए 'एमएमआरसी' द्वारा 'सीएमआरएस' टीम को बुलाया जाएगा, जैसे ही 'सीएमआरएस' से प्रमाण पत्र मिल जाएगा, मुंबई में पहली भूमिगत मेट्रो लाइन के उदघाटन का रास्ता साफ हो जाएगा।